# संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

## अफ्रीका से लौटते ही दिल्ली एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सोशल मीडिया पर हथियार लहराने के वायरल वीडियो मामले में फरार संदिग्ध आतंकी मैजुल को दक्षिण अफ्रीका से लौटते ही दिल्ली एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने हिरासत में लेने के बाद बिजनौर पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस का शिकंजा लगातार इस गैंग पर कसता जा रहा है। गिरोह के तीन आतंकी पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सोशल मीडिया पर हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन कर युवाओं को भड़काने वाले नेटवर्क का पुलिस हर रोज नया खुलासा कर रही है। जिसके जरिए कट्टरपंथी और हिंसक विचार फैलाने वाले आतंकी उबैद मलिक पुत्र रहीस निवासी टांडा माईदास, थाना नगीना देहात, जलाल हैदर उर्फ समीर पुत्र अकरम निवासी बुलचंदपुर उर्फ मुड़ा खेड़ा, थाना नजीबाबाद, समीर उर्फ रूहान निवासी सुल्ताना डाकू का किला, थाना नजीबाबाद को बिजनौर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि इस गिरोह के तीन आतंकी मैजुल पुत्र शौकीन निवासी सौफतपुर, थाना नांगल सोती, आकिब पुत्र नासिर निवासी ग्राम साठला, थाना मवाना, जनपद मेरठ और आजाद पुत्र नासिर निवासी मुकीमपुर जमात उर्फ ईनामपुरा, थाना मंडावर विदेश में रहकर भारत में देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए काम कर रहे थें। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस नेलुकआउट नोटिस जारी किया था। इसी गिरोह के संदिग्ध आतंकी मैजुल को दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय दिल्ली एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने हिरासत में ले लिया था। जिसके बाद उसे बिजनौर पुलिस को सौंप दिया गया है।

बिजनौर पुलिस मैजुल से पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के वायरल वीडियो प्रकरण को दक्षिण अफ्रीका में रहे मैजुल को बिजनौर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। जनपद बिजनौर के थाना नांगल में आकिब, मैजुल और अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है, पूर्व तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# बुजुर्ग से मारपीट कर 65 हजार लूटने का आरोप

## जान से मारने की धमकी देकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में एक बुजुर्ग से 65 हजार रुपए व सोने की अंगूठी लूट ली। घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस देर रात तक बदमाशों को तलाश करती रही।

स्थानीय मौहल्ला चाहशीरी बी 21 स्थित कांता सदन में रहने वाले 69 वर्षीय वीरेंद्र कुमार भटनागर कल देर शाम करीब सात बजे घरेलू सामान खरीदने के लिए राम के चौराहे पर गए थे। वीरेन्द्र भटनागर के पुत्र विशाल भटनागर द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि राम के चौराहे पर बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग को बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और ईदगाह के पास एक सुनसान स्थान पर ले गया। वहां पहले से 1-2 लोग और मौजूद थे। आरोप है कि सब ने मिलकर बुजुर्ग के साथ मारपीट की। घटना के दौरान आरोपियों ने उनके हाथ की उंगली से सोने की अंगूठी और जेब से 50 रुपए निकाल लिए। बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन कर उससे ऑनलाइन 65 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। बुजुर्ग के अनुसार बदमाशों ने जेब से निकाले 50 रुपए वापस कर दिए और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपियों को देर रात तक तलाश किया। पुलिस राम के चौराहे से ईदगाह तक के सीसीटीवी फुटेज खन्गाल रही है। पीड़ित के पुत्र ने पुलिस को घटना की तहरीर दे दी है।

## एक नजर

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**नगीना।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ग्राम लाडपुरा स्थित एसएम इंटर कॉलेज में आज एक नए कौशल प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पारस ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। संस्था के प्रबंधक गुलशेर अहमद, केंद्र प्रबंधक दिलशाद अहमद, सेंटर इंचार्ज मदनपाल सिंह व स्टाफ सदस्यों महजबी जहां और अजरा परवीन ने विधायक नगीना को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मनोज पारस ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें और सरकार की इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने केंद्र की सफलता के लिए समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उस्मान कुरैशी, इकबाल कुरैशी, एमडी आबिद, शाहिद मंसूरी और ग्राम प्रधान करौंदा चौधर इकरार अंसारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मंडावर।** पुलिस ने युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अनुज पर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप है। जिसके बाद युवती ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के अनुसार आज अनुज को गिरफ्तार कर लिया गया। 16 मार्च को वादी ने तहरीर दी थी कि अनुज पुत्र अशोक कुमार उर्फ शौके निवासी ग्राम देवलगढ़, थाना मंडावर ने उसकी बेटी को मानसिक रूप से परेशान किया। वादी की शिकायत के अनुसार अनुज की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में मंडावर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 75/26 धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त अनुज को आज मंडावर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### घर में घुसकर युवती से मारपीट

**धामपुर।** ग्राम इब्राहिमपुर नारायण उर्फ बिरामपुर में एक युवक द्वारा घर में घुसकर युवती से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने परिजनों के साथ घर से बाहर गई हुई थीं, जबकि उनकी बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का रहने वाला युवक मदनपाल घर में घुस आया और युवती के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। मारपीट में युवती के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि शरीर पर भी कई चोटों के निशान हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गला घोंटकर हत्या का प्रयास

**धामपुर।** ग्राम जोगीपुरा में एक युवक ने तीन लोगों पर उसके पिता के साथ मारपीट करने और गला घोंटकर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राहुल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल को उसके पिता देवेंद्र सिंह गांव के एक सेलर पर गए थे, जहां मुकेश, बाबूराम और अशोक कुमार शराब पी रहे थे। आरोप है कि तीनों ने उसके पिता को अपने पास बैठाकर शराब पिलाई और किसी बात को लेकर विवाद होने पर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या का प्रयास भी किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बचाया। गंभीर हालत में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंडावर में आवारा कुत्तों का आतंक



**मंडावर।** गर्मी के बढ़ते ही आवारा कुत्तों ने खूंखार रूप धारण कर लिया है। क्षेत्र के अलग-अलग गांव में पांच को आवारा कुत्तों ने काट कर घायल कर दिया है। घायलों ने सीएचसी पहुंचकर एंटी रबीज इंजेक्शन लगवाए। ग्राम फजलपुर निवासी छूटीया (60 वर्ष) पत्नी धूम सिंह, मौजमपुर सुजान निवासी अनुज (32 वर्ष), मोहसिनपुर चमरा निवासी बीना (45 वर्ष) पत्नी फरीद, ग्राम तिमरपुर निवासी लोकेंद्र (33 वर्ष), ग्राम रतनपुर निवासी अबी (8 वर्ष) पुत्र अमित कुमार को कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। घायलों ने सीएचसी पहुंचकर उपचार कराया।

# जनसूचना अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सूचना का अधिकार कानून की अनदेखी करना अब महंगा पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जनसूचना अधिकारी पर 25,000 रुपए का जुर्माना ठोक दिया है।

मामला शिकायतकर्ता रानु सिंह द्वारा दायर प्रकरण से जुड़ा है, जिसमें सूचना मांगे जाने के बावजूद समय पर जवाब नहीं दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि आयोग द्वारा एक-दो नहीं, बल्कि कई बार सुनवाई का मौका दिया गया, लेकिन संबंधित अधिकारी लगातार गैरहाजिर रहे। आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार 30 जून 2025, 30 जुलाई 2025, 25 अगस्त 2025, 9 अक्टूबर 2025, 3 दिसंबर 2025 और 2 फरवरी 2026 को सुनवाई तय की गई, लेकिन हर बार अधिकारी की अनुपस्थिति ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया। आयोग ने इसे सीधी लापरवाही और कानून की अवहेलना मानते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1) के तहत 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही आदेश दिया गया है कि यह राशि संबंधित अधिकारी के वेतन से काटी जाए।

आयोग ने अपने आदेश में साफ संकेत दिया है कि सरकारी जिम्मेदारियों से भागना अब आसान नहीं होगा और जवाबदेही तय होकर रहेगी। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बार नोटिस के बावजूद अधिकारी क्यों नहीं पहुंचे।

# स्कूल पत्रिका 'गूजबेरी' का विमोचन

## जिम्मेदारियों के साथ नेतृत्व की राह पर सेंट मैरीज के छात्र : एसओ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय सेंट मैरीज स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए भव्य 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी' (पदग्रहण समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसओ नगीना अवनीत मान और विशिष्ट अतिथि एसआई सुखरामपाल सिंह राणा ने शिरकत की।

समारोह में छात्र परिषद की घोषणा की गई। जिसमें अक्षित खटीक को हेड बॉय और अनाविया जैदी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा देव को असिस्टेंट हेड बॉय और आमना जैदी को असिस्टेंट हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की छमाही पत्रिका 'गूजबेरी' के चौथे संस्करण का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि अवनीत मान ने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विद्यालय प्रबंधक फादर अनूप ने बच्चों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रधानाचार्य फादर शायजु ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




# कांच से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास कांच से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस हादसे में भारी वित्तीय नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ट्रक हरिद्वार क्षेत्र की एक फैक्ट्री से कांच की बड़ी खेप लेकर कोलकाता जा रहा था। जब ट्रक नहटौर-कोतवाली देहात मार्ग पर पहुंचा, तो चालक ने नियंत्रण खो दिया। ट्रक चालक की पहचान नहटौर के मौहल्ला हाथी वाला मंदिर निवासी इरशाद के रूप में हुई है। ट्रक के खाई में पलटते ही उसमें लदा सारा कांच चकनाचूर हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। आसपास के लोगों ने चालक और उसके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन ट्रक और माल को काफी नुकसान पहुंचा है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुँच गई है और मामले की जांच कर रही है।

# चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुहैल के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

13 फरवरी, 2026 को ग्राम चकगोवर्धन निवासी रोहित कुमार ने नहटौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रोहित कुमार ने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान से बिजली का सामान, तार के बंडल और अन्य कीमती वस्तुएं चुरा ली थीं। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 286/2026 धारा 305(ए), 341(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले चोरी के सामान के साथ अभियुक्त इरफान को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए, पुलिस ने 17 अप्रैल को सह-अभियुक्त सुहैल पुत्र शकील को भी गिरफ्तार कर लिया। सुहैल नहटौर के मोहल्ला पीर शहीदक. ला का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सुहैल एक पेशेवर अपराधी है। उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में वर्ष 2015 से अब तक आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में चोरी, लूट (बीएनएस और भादवि के तहत), शस्त्र अधिनियम और आबकारी अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित मुकदमे शामिल हैं।

पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक मलिक, कांस्टेबल नवीन कुमार और कांस्टेबल दीपक कुमार शामिल थे, जो सभी नहटौर थाने से हैं।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### महिला सम्मेलन का आयोजन



**धामपुर।** अल्हैपुर ब्लॉक द्वारा स्योहारा मार्ग स्थित सियाराम बैंकट हॉल में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अशोक राणा ने कहा कि नारी शक्ति समाज की वास्तविक आधारशिला है और उनके बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंच रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। वक्ताओं ने भी इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के हित में लाए गए विधेयकों का समर्थन न करना उनके अधिकारों के साथ अन्याय है। सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार रखे और महिलाओं को समाज में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर धामपुर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, भाजपा जिला महामंत्री दिनेश सैनी, धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सरकड़ा मंडल अध्यक्ष भविराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बदहाल मार्ग से परेशानी



**नहटौर।** हल्दौर मार्ग पर स्थित धींगरपुर से जाने वाला लगभग एक किलोमीटर का संपर्क मार्ग पिछले दो वर्षों से बदहाल है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। 19 अप्रैल को ग्राम पाडला स्थित प्रसिद्ध ऋषभ नाथ मंदिर पर जैन समाज का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालु जुलूस के रूप में इसी बदहाल मार्ग से मंदिर पहुंचेंगे। एक स्थानीय नागरिक ने वीडियो के माध्यम से बताया कि सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है और नुकीले पत्थर बिखरे पड़े हैं, जिससे पैदल चलने वालों और वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक साल से फोटो, वीडियो और प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्रशासन को इस समस्या से बार-बार अवगत कराया गया है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि जुलूस के दौरान कोई दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा और नहटौर विधानसभा-21 का यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से क्यों कटा हुआ है। केवल श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले दर्जन भर गांवों के किसान और स्कूली बच्चे भी अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। आए दिन दोपहिया वाहन फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने एक बार फिर प्रशासन से इस मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके और श्रद्धालुओं को सुगम मार्ग मिल सके। किसान नेता अतुल चौधरी, महेंद्र सिंह, कमल कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार सहित कई अन्य लोगों ने इस समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**बढ़ापुर।** एसएस बाजवा मॉडर्न एकेडमी में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया वार्षिक परीक्षा पुरस्कार वितरण दिवस के अवसर सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी शिक्षण संस्थान एसएस बाजवा मॉडर्न एकेडमी में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी में अमायरा व भव्य गुप्ता, एलकेजी में समर्थ सिंह व सृष्टि, यूकेजी में रुजा नाज, मौहम्मद अरहान, मौहम्मद आरिब, मौहम्मद अतहर आलम, अब्दुर्रहमान, मुदस्सिर, मानस सैनी, पूर्वी, प्रिंस डबास, रिद्धि चौहान, रिजवाना व मौहम्मद सुफियान, कक्षा एक में जिया नूर व शशांद, कक्षा दो में मिन्सा नूर, अदीरा खान व चहक राजपूत, कक्षा तीन में उजैर अहमद, कक्षा चार में मौहम्मद याहिया व उनजिला सारा, कक्षा पांच में प्रीतपाल सिंह, कक्षा छह में मौहम्मद रजा व आरोही, कक्षा सात इकरा नाज, रिजु घोष व मुर्शिद, कक्षा आठ में मोझिणी वशिष्ठ व जीजस राजपूत, कक्षा नौ में आमरा खान, जश्नप्रीत कौर, कक्षा 10 में अलशिफा, कक्षा 11 मौहम्मद सदिक व गुरप्रीत कौर को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। समस्त कक्षाओं में द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अलावा अनुशासन में साइब, नक्श कुमार, रिया, प्रतीत सिंह, आइशा नईम, मानवी पारचा, शाद, मुनाकिब, अरहम, गर्व व नबा सलीम आदि को भी पुरस्कृत किया गया।डायरेक्टर मनदीप सिंह बाजवा एड. तथा प्रधानाचार्य एम सी ठाकुर ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी।

### वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी

**धामपुर।** ग्राम सरकथल सानी में गन्ना विकास परिषद और धामपुर चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से गन्ना बुवाई एवं समसामयिक विषयों पर एक व्यापक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने की। चौपाल में किसानों को समय पर वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई करने, प्रमाणित एवं उन्नत किस्मों के बीज प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने को 0118, 98014, 15023, कोसा 13235, 14201, 18231 व 19231 जैसी प्रजातियों की खेती पर जोर दिया। धामपुर चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने ट्रेंच विधि, सहफसली खेती एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# स्मार्ट मीटर का जमकर विरोध

## महिलाओं ने अधिशासी अभियंता और एसडीओ का घेराव कर हंगामा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** बिजली के बिलों में अत्याधिक बढ़ोत्तरी से परेशान और स्मार्ट मीटर की तमाम दिक्कतों को लेकर महिलाओं ने अधिशासी अभियंता और एसडीओ का घेराव कर हंगामा किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार विद्युत उप संस्थान में स्मार्ट मीटर की दिक्कतों और विद्युत बिलों की समस्याओं से से बचने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता संजय कुमार भारती और उप खंड अधिकारी एमपीसिंह आए थे। इस बीच बिजली विभाग के मनमाने बिलों से त्रस्त और स्मार्ट मीटर से पैदा हो रही दिक्कतों से दु:खी महिलाओं ने बिजली घर पहुंच कर दोनों अधिकारियों का घेराव किया तथा जमकर हंगामा करते हुए खरी-खोटी सुनाई। महिलाओं का कहना था कि वे गरीब महिलाएं हैं जिन्हें सरकार ने मुफ्त में बिजली का कनेक्शन दिया। शुरू में उनका बिल सौ सवा सौ रुपए का आता था। लेकिन उसके बाद ये बिल बढ़कर एक हजार 15 सौ रुपए तक आने लगा। लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा तब से दो हजार से आठ हजार रुपए तक बिल आ रहा है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के सामने बिजली एक बड़ी समस्या बन कर खड़ी हो गई है।

सलमा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से ज्यादा दिक्कत आई है। उन्होंने अपनी लाइट का बिल जमा किया था। लेकिन इसके बाद भी लाइट चालू नहीं हुई। पता करने पर विभाग ने पुन: बिल जमा करवाया, किंतु समाधान फिर भी नहीं हुआ। तब बिजली घर में नकद बिल का भुगतान किया गया। एक उपभोक्ता से कई बार भुगतान होने पर भी कंज्यूमर को कोई संतोषजनक उत्तर देने को तैयार नहीं है। ये धांधली नहीं है, तो और क्या है? मौहल्ला बंजारान की सैनी समाज की कई महिलाओं ने कहा कि वह पहले भी लाइट इस्तेमाल कर रही थी तभी पंखा चला रही थी। लेकिन स्मार्ट मीटर लगते ही उनका बिल इतना क्या बढ़ाकर भेजा जा रहा है।

अभिशासी अभियंता संजय कुमार भारती ने बताया कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने पर अपना रिचार्ज करके रखना होगा। एसडीओ एमपी सिंह ने फिक्स चार्जेज और शहरी ग्रामीण बिजली की दरें विस्तार से बताई। अधिशासी अभियंता व एसडीओ ने स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया। स्मार्ट प्री-पेड मीटर के लाभ बताते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल से छुटकारा मिलेगा, हर माह रीडिंग कराने से छुटकारा, बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज या लेट फीस से छुटकारा, किरायेदार और मकान मालिक के बीच बिल को लेकर विवाद की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। साथ ही उपभोक्ता पर भारी बकाया हो जाने जैसी समस्या से छुटकारा होगा। घर बैठे मीटर को रिचार्ज करने की सुविधा। बिजली दर पर 2% की छूट हैं। बजट के अनुसार उपभोक्ता बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण कर सकेंगे। भविष्य में सोलर पैनेल और ईवी चार्जिंग करने पर मीटर बदलने की जरूरत नहीं होगी। विद्युत फाल्ट व सप्लाई बाधित होने की तुरंत जानकारी मिलेगी। स्मार्ट मीटर के डाटा के आधार पर भविष्य में व्यवस्था में सुधार के लिए योजना बनाने में आसानी होगी। वर्तमान कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर पहली बार नि:शुल्क लगाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन दूसरा स्मार्ट मोटर लगाने का काम किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शनों पर लगेगा। वर्तमान कनेक्शनों घर नया मीटर लगाने और पुराने मीटर हटाने का काम नि:शुल्क किया जाएगा तथा सभी नए स्मार्ट मीटर घर के बाहर लगाए आएंगे।

हंगामा करने वालों में सलमा, लाडो सैनी, सविता सैनी, मुनेश सैनी, किशनो सैनी, तेजपाल सिंह, राजेश कुमार, राहुल कुमार, इल्मा आदि मौजूद रही। जिन्होंने लिखित में भी अपनी शिकायतें दर्ज कराई।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में एक युवती से कथित दुष्कर्म के मामले को लेकर शुक्रवार को हंगामा हुआ। इस घटना से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल एक शिकायत का पुलिस ने आज खंडन किया है।

थाना मंडावली पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एक ट्वीट के संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट की। पुलिस के अनुसार यह वीडियो विवेचना पर दबाव बनाने के उद्देश्य से वायरल किया गया है, जिसका पूर्णत: खंडन किया गया है। शुक्रवार को कुछ महिला और पुरुषों ने इंटर कॉलेज पहुंचकर हंगामा किया था। विद्यालय स्टाफ ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही हंगामा करने वाले लोग वहां से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की ओर से मंडावली थाना क्षेत्र के एक ग्राम में 27 मार्च 2026 को एक युवती से तीन युवकों द्वारा दुष्कर्म और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में तीनों आरो. पियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में एक नया मोड़ तब आया, जब 17 अप्रैल को पीड़ित पक्ष की महिलाएं और पुरुष इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के अध्यापकों पर यह बयान देने का दबाव बनाया कि उनकी लड़की के साथ लड़कों द्वारा कॉलेज के अंदर शारीरिक संबंध बनाए गए थे। अध्यापकों ने यह बात कहने से साफ इनकार कर दिया। यह कहते हुए कि उस दिन विद्यालय बंद था और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस पर नाराज होकर महिलाओं ने उग्र रूप धारण कर लिया और अध्यापकों पर हमला करने की कोशिश की। अध्यापकों ने खुद को बचाने के लिए कॉलेज का चैनल अंदर से बंद कर लिया। अध्यापकों द्वारा दी गई सूचना पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही हंगामा करने वाले लोग वहां से भाग गए।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के मेडिकल अवलोकन से यह पाया जा रहा है कि अभियुक्त से पूर्व से संबंध हो सकते हैं। इस संबंध में गहनता से विवेचना प्रचलित है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य के क्रम में विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। थाना प्रभारी मंडवली राकेश कुमार का कहना है कि मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच जारी है। जल्दी इसमें कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की महिला द्वारा पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की बात कही जा रही है।

उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि मामले को लेकर मुकदमा पंजीकृत है। तीन नाबालिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर आरोप लगाया गया है। जो की असत्य और निराधार है।

# सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा नगर में बढ़ती आबादी के मद्देनजर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अतिरिक्त सफाई कर्मचारी रखने की मांग की है।

नगर अध्यक्ष आदेश पवार द्वारा संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पालिका में बढ़ती जनसंख्या एवं क्षेत्रफल में हो रही वृद्धि के कारण शासनादेश के अनुरूप सफाई कर्मचारियों की बढ़ोतरी किए जाने की आवश्यकता है। जोकि सफाई कर्मचारियों पर अनावश्यक अतिरिक्त बोझ पड़ने से सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है। भर्ती क्षेत्र व जनसंख्या के अनुरूप होने से नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त होगी। सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मचारी जो कार्यालय, निवास स्थान आदि पर लगे हुए है, उन्हें अथवा उनके स्थान पर भी कर्मचारियों की भर्ती अति आवश्यक है। समय-समय पर सफाई कर्मचारियों को मिलने वाले संशाधन व सुविधाओं को भी अनदेखा किया जा रहा है, जो सफाई कर्मचारियों का शोषण है। उन्होंने यथाशीघ्र उचित कार्यवाही करने की मांग की। 15 दिनों के भीतर संज्ञान लेते हुए संघ के प्रतिनिधियों को अवगत भी कराने को कहा अन्यथा संगठन आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं पालिका प्रशासन की होगी। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि स्थानीय सफाई मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन प्राप्त हुआ है। शासन को ज्ञापन भेजा जा रहा है।

शासनादेश अनुसार कमेटी गठित कर कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद शासन की अनुमति पर निर्णय लिया जाएगा।

# आरबीडी में अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरबीडी डिग्री कॉलेज में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा 'कॉपीराइट एंड प्लेगरिज्म अवेयरनेस प्रिवेंशन एंड एकेडेमिक एथिक्स' शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शुभारंभ कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. मंजु चौधरी, आक्युएसी कोर्डिनेटर प्रो. मंजु तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ की समन्वयक डा. अल्पना सिंह, सदस्य डा. शारदा द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डा. मंजु चौधरी ने अतिथि डा. आदित्य देव त्यागी असि.प्रोफेसर, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट स्टडीज नोएडा को बैज, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



डा.आदित्य देव त्यागी ने पीपीटी के माध्यम से बड़े ही सरल, रोचक शब्दों में एवं दैनिक जीवन से जोड़ते हुए छात्राओं को बौद्धिक संपदा अधिकार को समझाया। उन्होंने बताया कि सृजनात्मक कार्य, कलाएं, क्षमताएं बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आते हैं तथा विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में अनेक ऐसे प्रयोग जिन पर अपना स्वामित्व हो वे सभी कॉपीराइट में आते हैं जिनको हम संरक्षित कर सकते है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि मुख्यमंत्री ने भी एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम जनपद को पहचान दिलाने के लिए जारी कर रखा है। उन्होंने ने कॉपीराइट के विषय में बताते हुए कि यदि कोई सिंबल, कोई पुस्तक, कोई कविता, म्युजिकल वर्क आदि कोई सृजनात्मक कार्य आप अपने नाम से पब्लिश कराना चाहते है, तब आप ऑफलाइन और ऑनलाइन स्वामित्व के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया थोड़ी जटिल है। इस प्रक्रिया को आप ऑनलाइन भी कर सकते हैं। कॉपीराइट ट्रांसफर हो सकता है, परंतु पेटेरनिटी का राइट उसी का रहेगा, जिस व्यक्ति ने इंट्रोडयूज कराया। कॉपीराइट के माध्यम से व्यक्ति का सम्मान एवं प्रतिष्ठा बनी रहती है। कॉपीराइट के आर्थिक एवं नैतिक पक्ष को भी समझाया तथा बताया यदि किसी के कुछ शब्द भी उधार लो तब उसके स्वामी को कोट अवश्य कीजिए।

डा.आदित्य ने कॉपीराइट, प्लेगरिज्म, ट्रेडमार्क, पेटेंट से जुड़े सरकार द्वारा बनाए गए अनेक नियमों से छात्राओं को अवगत कराया। रिसोर्स पर्सन डा. आदित्य ने छात्राओं को प्लेगरिज्म पर विस्तार से बताया।

कार्यवाहक प्राचार्या डा. मंजु चौधरी ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि छात्राए. जीवन में अपनी सृजनात्मकता को कॉपीराइट करायें किसी अन्य का कार्य अपने नाम से प्रकाशित न कराए।

कार्यक्रम का कुशल संचालन शताक्षी शर्मा ने किया। महाविद्यालय के डा.मृदुल, डा. दयावती, डा. तसलीम डा. किश्वर जैदी, अंजलि, डा. सारिका, डा. नजमुन्निसा, ऋतु, सोनम तथा अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### गर्मी में सेहत का रखें खास ध्यान



**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में सबसे अधिक खतरा छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों रहता है। इसलिए सभी को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही उल्टी, दस्त, डायरिया बुखार, पेट दर्द, चक्कर आना कमजोरी और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगती है। छोटे बच्चों में दूषित पानी और बाहर का खाना खाने से संक्रमण जल्दी फैलता है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को साफ पानी पिलाएं ताजा भोजन दें तथा तेज धूप में बाहर जाने से बचाएं। उन्होंने बुजुर्गों को लेकर भी चिंता जताते हुए कहा कि अधिक उम्र के लोगों में लू लगने, ब्लड प्रेशर बढ़ने, सांस लेने में तकलीफ और कमजोरी जैसी समस्याएं ज्यादा देखने को मिलती हैं। ऐसे में बुजुर्ग धूप में घर से कम निकलें। पर्याप्त पानी पिएं और हल्का व सुपाच्य भोजन करें। डा.मनोज वर्मा ने युवाओं को भी सावधान करते हुए कहा कि तेज धूप में बिना सुरक्षा के लंबे समय तक बाइक चलाना, खेलना या मेहनत वाला काम करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि सिर पर कपड़ा या टोपी रखें। एनर्जी ड्रिंक की जगह प्राकृतिक पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, छाछ व ओआरएस का सेवन करें।उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार उल्टी-दस्त, तेज बुखार, चक्कर अत्यधिक प्यास या बेहोशी जैसी स्थिति महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### नालों की तलीझाड़ सफाई शुरू



**स्योहारा।** नगर में बरसात को देखते हुए जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य नगर पालिका द्वारा बरसात पूर्व तलीझाड़ एवं नाला सफाई अभियान शुरू दिया गया है। अभियान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी एवं ईओ बिजेंद्र सिंह पाल के संयुक्त दिशा-निर्देशों पर शुरू कराया गया। जिसमें नगर के प्रमुख नालों जल निकासी मार्गों तथा संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने बताया कि बरसात के मौसम में नागरिकों को जलभराव गंदगी एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए समय रहते सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया है। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से नालों की गहराई तक सफाई कराई जाएगी तथा जहां भी जल निकासी में बाधा मिलेगी उसे तत्काल दूर कराया जाएगा ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर पालिका की टीम मशीनों एवं सफाई कर्मियों की सहायता से तलीझाड़ व नाला सफाई कार्य तेजी से कर रही है। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व बड़े नालों की सिल्ट निक. ासी कूड़ा हटाने तथा जल प्रवाह सुचारु बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि नालों में कूड़ा-करकट या प्लास्टिक न डालें ताकि जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो।

### पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ



**नहटौर।** जैन समाज द्वारा आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के शुभारंभ पर शनिवार प्रात:को घटयात्रा निकाली गई। जिसमें इंद्राणी बनी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। आज प्रात: दिगम्बर जैन मंदिर में समाज की सैकड़ों महिला व पुरुष एकत्र हुए। जहां पर सौधर्म इंद्र व सभी इंद्रों व इद्राणियों ने महोत्सव के पहले दिन दिगम्बर जैन मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन किया गया।महोत्सव में श्रद्धालुओं को आचार्य श्री 108 विव्रतसागर महाराज और विश्वार्थ सागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। इनके अलावा पूजा पाठ का कार्यक्रम शुल्लकरत्न श्री समर्पण सागर महाराज के निर्देशन में किया गया। जिसके पश्चात मंदिर से घटयात्रा शुरू हुई, जो जैन विधा मंदिर इंटर कालेज पर पहुचीं। जहां पर पांडुक शिला का शुद्धिकरण किया गया। इसके पश्चात घटयात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई, वापस मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। घटयात्रा में सजे धजे इंद्र तीर्थंकरों के माता पिता, अष्ट कुमारी व अन्य गौरवमय पात्र आकर्षण का केंद्र रहें। घटयात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घटयात्रा का अनेकों जगहों पर पुष्प वर्षा का भव्य स्वागत किया गया। घटयात्रा के मंदिर पर पहुचने पर ध्वजारोहण किया गया। ये ध्वजारोहण दिल्ली निवासी विनय कुमार जैन द्वारा किया गया। सभासद पंकज जैन, राजीव जैन, लोकेश जैन, सुकेश जैन, अशोक जैन, अनुराग जैन, डा. अंकुर जैन, अर्चित जैन, राजेश जैन, वंश जैन, अनिता जैन, अलका जैन, निशा जैन, संध्या जैन, शालू जैन, रिया जैन, पूनम जैन, नेहा जैन, संदीप जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, पुनीत जैन, ऋषभ जैन, निकुंज जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, विवेक जैन, सुमन जैन, शैलेंद्र जैन, आशु जैन, सपन जैन, शुभम जैन आदि मौजूद रहे।

### गन्ना विकास की आधुनिक तकनीकों का प्रसार

**चांदपुर।** गन्ना विकास विभाग की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को चालू माह की महत्वपूर्ण गतिविधियों जैसे एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम), पेडी फसल पर एनपीके का फोलियर स्प्रे और मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए हरी खाद (ढैंचा) अपनाने हेतु विस्तार से प्रेरित किया।

**गुमशुदा होने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई ललित मोहन पुत्र सुरेशानन्द खन्तवाल निवासी हिमालयन कालोनी ग्राम शेखपुर गढ़ू, नजीबाबाद, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर दिनांक 05.02.2016 से लापता है। काफी तलाश करने पर कोई पता नहीं चला है। जिस किसी को भी उसके बारे में कोई सूचना मिले, कृपया उसकी सूचना मुझे मेरे पते पर देने की कृपा करे।

**ऋषिबल्लभ पुत्र सुरेशानन्द खन्तवाल निवासी हिमालयन कॉलोनी, ग्राम शेखपुर गढ़ू, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# बाल विवाह रूकवाना हमारा नैतिक दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नागरिक समाज संगठन 'प्रयत्न' की पहल पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में जिले में अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता व निगरानी उपायों पर चर्चा की गई। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुए कार्यक्रम में खुद सूचना देकर अपना बाल विवाह रुकवाने वाले बच्चों के साथ बाल विवाह की रोकथाम के लिए उल्लेखनीय काम करने वाले अफसरों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 से भी ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, डिप्टी चीफ डीएलएसए चंद्रपाल सिंह ,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा, नूतन चौधारी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के दिल्ली हैड आफिस से विशेष रूप से सम्भल आई जिंसी जॉन, गुरप्रीत संधू प्रयत्न संस्था के सम्भल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी, फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद, रमन मौजूद थे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह की रोकथाम में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया जिस पर वरिष्ठ अफसरों ने इनके निदान के लिए प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाल विवाहों की रोकथाम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल विवाह निषेध अधिकारियों व नागरिक समाज संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने कहा, प्रशासन व प्रयत्न जैसे नागरिक समाज संगठनों को सूचना देकर खुद अपना बाल विवाह रुकवाने वाले बच्चों की इस सभागार में मौजूदगी समाज में आए बदलाव की गवाही दे रहे हैं। लेकिन यह गांव-गांव में चलाए गए जागरूकता अभियानों व अथक जमीनी प्रयासों का नतीजा है। क्योंकि यह हमारा नैतिक दायित्व है। बाल विवाह किसी भी बच्चे के बचपन के साथ अन्याय है और इसे रोकना हमारी जिम्मेदारी है। लेकिन यह सिर्फ हमारे ही प्रयासों से नहीं होगा।

**○ वरिष्ठ अफसरों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित**





सम्भल। ग्राम रूकनुददीन सराय में बिना किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र के घनी आबादी के बीच संचालित सींग कारखाने का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट, दुर्गंध फैला रहा कारोबारी के जाम पशुओं के सींग।

# घनी आबादी में बिना किसी अनुमति के संचालित मिला सींग कारखाना

**○नगर मजिस्ट्रेट ने शिकायत पर किया कारखाने का निरीक्षण**
**○सींग काटकर घिसई कर बनाये जार रहे थे बटन**
**○आसपास का वातावरण हो रहा था प्रदूषित**
**○पर्यावरण की दृष्टि से अप्रिय मामला होने की थी सम्भावना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिना किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र के घनी आबादी में सींग हडडी से बटन बनाने का कारखाना संचालित किया जा रहा था। कारखाना संचालन से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के चलते न्यूसेंस की पूर्ण सम्भावनायें बन गयी थीं। शिकायत पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट को निरीक्षण कर संचालन कर्ताओं को नोटिस जारी कर दस दिन में अदालत में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

नगर के निकटवर्ती ग्राम रूकनुददीन सराय निवासी अल्ला बख्श आदि ने 14 अप्रैल को घनी आबादी में हैंडीक्राफ्ट का करखाने में सींग हडडी से बटन बनाने का कार्य कर प्रदूषण फैलाने की शिकायत की थी। इसकी जांच करने शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार दोपहर लगभग 01:30 बजे रईस पुत्र जरीफ निवासी रूकनुद्दीन सराय, चांद पैलेस के सामने, थाना-नखासा,के घर में संचालित रईस हैण्डीक्राफ्ट'एवं 'मौ. आदिल पुत्र जरीफ द्वारा संचालित साएरा एन्टप्राईजेज' इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण से वहां हड़कम्प मच गया जबकि आसपास काफी लोग पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उपर्युक्त इकाईयों का संचालन सघन आबादी वाले क्षेत्र में स्थापित मिला। जबकि इकाईयों में कच्चे माल के रूप में सींग का इस्तेमाल कर बटन बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा इकाई परिसर में कटिंग मशीन, घिसाई मशीन एवं बिना केनोपी इंजन के संचालन से जनित डस्ट एवं ध्वनि की रोकथाम की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा एकत्रित डस्ट से इकाई स्थल के आस-पास अत्यन्त दुर्गन्ध की आ रही थी। निरीक्षण के दौरान इकाई के संचालानार्थ प्रतिनिधि द्वारा किसी भी विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। एवं उपर्युक्त इकाई के संचालन से पर्यावरणीय दृष्टिकोण से आस-पास के क्षेत्र में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने एवं पब्लिक न्यूसेंस की पूरी संभावना है। नगर मजिस्ट्रेट, अदालत से दोनों इकाईयों के संचालकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-152 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया है, जिसमें दोनों पक्ष दिनांक 28.04.2026 को अपना-अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखने के आदेश दिए गए हैं।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत दो घायल

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया।

आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव गुन्नौर हीरापुर (इटउआ) दो बाइकों की भिंड़त में दो लोग घायल हो गये। जिनको अस्पताल ले जाया गया। जबकि एक की मौत हो गयी। शनिवार करीब समय 4 बजे दो वाइको की भिड़ंत हो गई। जिसमे बाइक सवार तेजपाल सिंह पुत्र मोहकम सिंह निवासी गांव घोसली अनिरुद्ध थाना जुनावई की मृत्यु हो गई। वह घर से बबराला कुछ काम से जा रहा था। जबकि दूसरी बाइक पर सवार राजेश पुत्र रामप्रकाश व उसका साथी दिनेश पुत्र डालचंद निवासी जरीफनगर थाना जरीफनगर जिला बदायूं थे। उन दोनों को गम्भीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कालेज रैफर कर दिया।

# बोर्ड बैठक निरस्त होने से सभासद आक्रोशित

**○पालिका में हिटलरशाही का आरोप लगाकर किया विरोध**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** निर्धारित अवधि के बाद देर से हो रही नगर पालिका परिषद की बोर्ड बजट बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। बैठक स्थगित होने से सभासदों में रोष फैल गया। गुस्साय सभासदों ने पालिका में हिटलरशाही का आरोप लगाकर विरोध किया।

नगर पालिका परिषद में वित्त बजट बोर्ड बैठक का आयोजन शनिवार किया जाना था। इसके लिए पालिका की ओर से एजेंडा भी सभासदों को जारी कर दिया गया था। निर्धारित तिथि को सभासद बोर्ड की बैठक में भाग लेने पहुंचे। लेकिन सभासदों को अपरिहार्य कारणों से बोर्ड की बैठक स्थगित होने की सूचना दी गई। निर्धारित अवधि के बाद बजट बैठक स्थगित होने की जानकारी मिलते ही सभासद आक्रोशित हो गए। सभासदों ने पालिका अध्यक्ष के कक्ष में बैठक कर पालिका में हिटलरशाही करने का आरोप लगाया। सभासदों का का आरोप था कि पालिका परिषद में वित्त बजट बोर्ड बैठक का एजेंडा भी पत्राचार के माध्यम से सभासदों को प्राप्त कराया गया था। जिसमें शनिवार (आज) की तिथि नियत की गयी थी जो नियमानुसार गलत है। फिर भी सभासद तय तिथि व समय पर उपस्थिति हुए लेकिन पहुंचने के बाद बोर्ड बैठक को अपरिहार्य कारणों से कैन्सिल करन दी गयी। सभासदों का कहा था कि इस तरह से बजट बैठक को स्थगित करने से जनप्रतिर्िध होने के नाते वह सब सामाजिक व मानसिक परेशान हैं और पालिका में चल रही हिटलरशाही का भी खुले मंन व मंच से विरोध करते हैं। सभासदों ने प्रेस को भी विरोध का पत्र जारी किया। इसमें रिजवाना अजीम,कुसुम सैनी, हनिफा, तबस्सुम, मौ. इब्राहीम, वेद प्रकाश, मौहम्मद परवेज के हस्ताक्षर थे।



सम्भल। नगर पालिका परिषद बजट बोर्ड बैठक स्थगित होने का विरोध करते सभासद।

स्वास्थ्य ठीक न होने से अपरिहार्य कारणों से बोर्ड बजट बैठक को स्थगित किया गया था। इसकी सूचना सभा सभासदों को एक दिन पूर्व व्हाटसएप्प ग्रुप के माध्यम से दे दी गई थी। इसकी जानकारी भी सभी सभासदों को थी। जो आरोप लगाये जा रहे हैं वह निराधार है। पालिका में किसी तरह की कोई हिटरशाही नहीं है।

आसिया मुशीर चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद सम्भल।

# वैष्णो स्वरूप भारत गैस एजेंसी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**○निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई रहे मौजूद, एजेंसी स्वामी को दिये दिशा-निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जिलाधिकारी द्वारा अपरान्ह 02:15 बजे वैष्णों स्वरूप भारत गैस गुन्नौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया के साथ पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार पूर्ति निरीक्षक गुन्नौर, राजेन्द्र कुमार पूर्ति निरीक्षक ब्लॉक रजपुरा एवं नकुल कुमार पूर्ति लिपिक गुन्नौर रहे। निरीक्षण के समय गैस एजेंसी पर गैस एजंसी प्रबंधक राजवीर एवं कर्मचारी उपस्थित मिले। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर गैस एजेंसी के स्टॉक की सघन जांच करायी गयी। मिलान किये जाने पर स्टॉक सही पाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेसी प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक लाभार्थी को गैस बुकिंग के उपरान्त नियमानुसार डी.ए.सी.(ओ.टी.पी.) नम्बर प्राप्त कर सम्बन्धित उपभोक्ता को एल.पी.जी. रिफिल उपलब्ध कराया जाये तथा अनावश्यक रूप से किसी भी उपभोक्ता को परेशान न किया जाये। साथ ही गैस एजेंसी पर समस्याओं को लेकर आने वाले उपभोक्ताओं के साथ एजेंसी कर्मचारियों द्वारा शालीनता के साथ नम्रतापूर्वक व्यवाहर किया जाये और उनकी समस्याओ के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जबकि गैस सिलेण्डर का अनाधिकृत भण्डारण व कालाबाजरी न की जाये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कॉमर्शियल एवं घरेलू सिलेण्डरों के मूल्य स्पष्ट रूप से गैस एजेंसी पर चस्पा करने के निर्देश देते हुये समस्त उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर एल.पी.जी. वितरित करने के निर्देश दिये गये।

## सम्पूर्ण समाधान में 65 शिकायतें दर्ज, पांच का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया ने शनिवार को तहसील गुन्नौर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को मिली शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्व निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की कुल 65 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चक रोड पर से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाइश करने, अवैध कब्जा हटवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्व निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रियों को डीएम कार्यालय से किया गया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए जनपद से चयनित 10 तीर्थयात्रियों को जिलाधिकारी कार्यालय से फूल मालाएँ पहनाकर तथा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्तर प्रदेश शासन के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद के चयनित 10 यात्री जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में सोमनाथ की यात्रा के लिए प्रस्थान किया । जिनको कार्यालय से जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा फूलों की माला पहनाकर तथा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नामित नोडल अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया। इन तीर्थयात्रियों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति के माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के अन्तर्गत समूहों समूह शॉपकीपर्स, हॉकर्स, स्ट्रीट वैण्डर्स , मार्केट एसोशिएशन ,समूह महिलाएं, वर्कर्स, समूह विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी, समूह यंग प्रोफेशनल एमबीए, स्टूडैन्टस, कॉपरेट क्षेत्र में प्रतिनिधि विधार्थी, कर्मचारी, स्टार्टअप्स के सीईओ, आदि उम्र 40 वर्ष से कम समूह सीनियर सिटीजन, समूह वज्ञान प्रौद्योगिकी, एमएसएमई,तथा तकनीकी सेवा के कर्मचारी,समूह वॉलिंटियर युवा विजेता, नॉन टेक्निकल क्षेत्र के सफल व्यक्ति आदि सेवाओं के लोगो में से अधिकतम 10 लोगों को सोमनाथ की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है।सोमनाथ स्वाभिमान यात्र के दौरान यात्र का कार्यक्रम 06 से 07 दिवसीय होगा जिसमें 18 अप्रैल को यात्रियों का आगमन लखनऊ होगा। तथा 19 अप्रैल 2026 को लखनऊ में कार्यक्रम के उपरांत यात्रा का ट्रेन के द्वारा लखनऊ से सोमनाथ के लिए प्रस्थान होगा। 21 अप्रैल को सोमनाथ गुजरात में यात्रा का आगमन तथा 22 एवं 23 अप्रैल 2026 को सोमनाथ में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे

# सावधान: मिलावटी पनीर खपाने को तैयार हैं धंधेबाज़

**○सहालग में मांग बढ़ने से चंद रूपयों के लालच में सेहत से कर रहे हैं खिलवाड़**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** पनीर खरीदते समय क्या आपने उसकी शुद्वता की जांच की है? अगर नहीं, तो सावधान हो जाइए! क्योंकि सहालग का सीजन आते ही मिलावट खोर सक्रिय हो गए हैं। चंद रुपयों के लालच में वह आपकी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जिस पनीर की खपत 4 से 5 क्विंटल होती थी सहालग में मांग बढ़ने से 8 क्विंटल होने लगी है।

सहालग को लेकर बाजार में दूध और पनीर की मांग बढ़ गई है। इसका फायदा उठाने के लिए मिलावट करने वाले धंधेबाज सक्रिय हो गए हैं। पाउडर और पैकेट के दूध में अरारोट मिलाकर बने पनीर सस्ते दर पर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। मिलावट के इस खेल में सेहत को सुरक्षित रख पाना मुश्किल हो गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि रकम खर्च करने के बाद भी लोग शुद्व खाद्य पदार्थ नहीं पा रहे हैं। इसकी पूर्ति के लिए पैकेट का दूध आता है। शेष पूर्ति मिलावट के सहारे होती है। बताते हैं कि डेरी बढ़ाने की जरूरत है। तभी मांग की पूर्ति संभव है, उत्पादन कम और खपत अधिक होने का ही लाभ ध 'धेबाज उठाते हैं।

# अद्भुत पितृ भक्त भगवान परशुराम हैं चिरंजीवी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की विचार गोष्ठी में भगवान परशुराम को अनुपम पितृ भक्त कहकर चिरंजीव बताया। भक्ति, वीरता, शक्ति एवं दान का पर्यायवाची बताकर उन्हें नमन किया गया।

अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर मंडी किशन दास सराय में दिनेश चंद्र शर्मा के निवास पर आयोजित हिंदू जागृति मंच की विचार गोष्ठी में सर्वप्रथम विनोद कुमार अग्रवाल, मीनू रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, बबीता भारद्वाज ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण एवं पूजन किया। हिंदू जागृति महिला मंच की नगर अध्यक्ष सुमन लता शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन परिचय को समर्पित स्वरचित कविता सुनाई। मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र शर्मा ने भगवान परशुराम को अनन्य पितृ भक्त बताकर उनके पराक्रम, वीरता, दान एवं भक्ति के अनेक प्रसंग सुनाकर भगवान परशुराम जयंती पर्व को सार्थक सिद्व किया। महिला मंच की जिला महामंत्री रेखा शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवनवृत से अनेक शिक्षा लेने का आहवान किया। शोभा गर्ग ने अक्षय तृतीया का विशेष महत्व बताकर कहा कि जो व्यक्ति अक्षय तृतीया को सोना खरीदता है, विवाह करता है, दान करता है अथवा कोई अन्य अनुकर्णीय कार्य करता है उसका पुण्य फल सदैव अक्षय रहता है। रूपाली गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, बबीता भारद्वाज आदि अनेक भक्तों ने भगवान परशुराम को समर्पित तथा अक्षय तृतीया का विशेष महत्व उल्लेख करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता विनोद कुमार अग्रवाल ने की। संचालन उमेश श्रीमाली ने किया।



सम्भल- हिंदू जागृति मंच के विचार गोष्ठी को सम्बोधित करती महिला वक्ता।

# तूफानी हवा ने ली किशोरी की जान

**○बाकी घायलों को भेजा गया चिकित्सक के पास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव भटपुरा में देर रात्रि तेज आंधी के आने से पड़ोसी की दीवार शीशपाल बाल्मीकि के मकान की छत पर गिर गई जिससे घर में सो रहे सभी लोग दब गए तथा घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि तेज आंधी के आने से थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी शीशपाल पुत्र सम्मन के मकान की छत पर पड़ोसी की दीवार गिर जाने से शीशपाल के मकान की छत गिर गई। और छत के नीचे सो रहे सभी लोग दब गए।और गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर ग्रामीण इकटठे हो गए और घायलों को मलबे से निकाला तथा चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया तथा शेष घायलों का इलाज चल रहा है। सूचना पर थाना पुलिस एवं नायब तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। परिजनों ने मृतक किशोरी के शव का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## माँ गायत्री की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर गायत्री महायज्ञ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** माँ गायत्री की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूतीय दिवस पर आज 9 कुंडिया गायत्री महा यज्ञ का आयोजन पातालेश्वर मंदिर प्रांगण मैं विधि विधान से 36 दम्पतियो द्वारा किया गया। शांति कुँज हरिद्वार से आये आचार्य डा. अशोक ढोके द्वारा विश्व शांति व् मानव कल्याण के लिए यज्ञ मैं विशेष आहुतिया दिलाई। गायत्री मंत्र व महामृत्युंज मंत्र की आहुतिया क्रम से सभी से दिलाई गयी। जबकि सायकल मैं संगीतमय प्रज्ञा पुराण व डीप यज्ञ का आयोजन किया। जिसमे 1008 दीपो को प्रज्वल्लित किया गया कार्यक्रम मैं आस पास के क्षेत्रों से गायत्री परिवार से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या मैं पहुंचे स्थनीय जनता ने धर्मलाभ उठाया।कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से पारुल शर्मा,शालिनी वार्ष्णेय, धानेश्वरी देवी, महेश्वरी देवी, कमल कौशल प्रिय रतन आदि मौजूद रहे।

## स्कूल के निरीक्षण में साफ-सफाइ के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने विकासखंड बहजोई के ग्राम बमनैटा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर की साफ सफाई को देखा और कक्षाओं में जाकर पढ़ाई की गुणवत्ता को चेक किया। जबकि संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्कूल में बच्चों के पंजीकरण के बारे में जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में एतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण जन जागरण एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जमीनी स्तर पर व्यापक समर्थन को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में साहित्यकार/कवियत्री एवं शिक्षिका दुर्गा टंडन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल राजनीतिक आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को नेतृत्व एवं निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी, जिससे नीति-निर्माण में शिक्षा, स्वास्थ्य, सरक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को और अधिक प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह अधिनियम लैंगिक समानता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर स्थापित रूढ़िवादी धारणाओं में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्व होगा तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मविश्वास एवं प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है महिलाओं के उत्थान के लिए देश के प्रधानमंत्री जी ने इस अधिनियम को लागू किया है उन्होंने कहा कि नारी देश की महाशक्ति है। डा. रितु सक्सेना ने कहा कि नारी को अपनी शक्ति को स्वयं पहचानना चाहिए और अपनी पहचान को स्वयं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी मातृ शक्ति के साथ अपनी चेतना को जलाते हुए देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में महिलाएं आगे बढ़ चढकर कर साथ दें। समाजसेविका संगीता भार्गव ने कहा कि महिलाओं को घर से निकलकर अपनी पहचान को बनाना है और जो दायित्व महिलाओं को दिए हैं उनका जिम्मेदारी के साथ महत्व निभाना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने देश निर्माण में आगे बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस महेश कुमार, निधि पटेल डीपीआरसी रिसोर्स सेंटर की मैनेजर व विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिला शक्ति आदि मौजूद रहे।



सम्भल- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रसे कान्फ्रंस करते डीएम व अन्य।

## भाजपा नेता के भाई भतीजे समेत सात पर मुकदमा दर्ज

**सम्भल।** भाजपा नेता के परिवार की मुसीबते कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कैलादेवी थाना पुलिस ने भाजपा नेता के पुत्र व व उनके भाई और भतीजे तथा चचेरे भाई समेत सात पर मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा सम्पूर्ण समाधान दिवस में बादाम सैनी पुत्र रामपाल सैनी नि. सौंधन मौहम्मदपुर की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर दर्ज किया गया है।

# अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टे पर खनन अधिकारी ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम असगरीपुर में शनिवार को खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना विनियमन शुल्क जमा किए संचालित हो रहे एक ईंट भटठे पर छापा मारा। छापामार कार्रवाई के दौरान भटठे से एक जेसीबी मशीन व गारा मशीन को जब्त कर थाना असमोली की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। खनन इंस्पेक्टर शिवम कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पाया गया कि भटठा संचालक द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था और बिना अनुमति व शुल्क के संचालन किया जा रहा था। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन व भटठा संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है। खनन विभाग की ओर से बताया गया कि अवैध रूप से ईंट भटठों का संचालन नहीं होने दिया जायेगा।

# आंधी तूफान से दीवार के नीचे दबने से दंपति की दुःखद मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर में देर रात आए आंधी तूफान से पड़ोसी के मकान की दीवार गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया है, हादसे में पति पत्नी दम्पति पर दीवार भरभराकर गिर गई दीवार के मलबे में पति पत्नी की दवकर मौत हो गई है, बताया गया है कि दोनों पति पत्नी अपने घर की छत पर शुक्रवार की रात सोए हुए थे, जिनको घायल अवस्था में परिजन उन्हें दीवार के मलबे से निकालकर ईलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुचे थे, जहां पर डॉक्टर ने दोनों को देखते ही मृतक घोषित कर दिया।

जिसके बाद दोनों पति पत्नी के शव को लेकर परिजन रात में ही अपने साथ दलपतपुर गाँव वापस लौट आए, मृतक इदरीश और उनकी पत्नी फातमा उस समय इस हादसे का शिकार हुऐ थे, जब वो अपने घर की छत पर सोए हुए थे, यह हादसा रात एक से दो बजे के आसपास हुआ है जब तेज हवा और आंधी में पड़ोसी की ऊंची दीवार धड़ाम से उनके ऊपर सोते समय उनके ऊपर गिर गई, दम्पति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, हादसे की सूचना मिलने पर तहसीलदार सदर सूरज प्रताप सिंह, हाइवे सीओ राजेश यादव, थाना प्रभारी मोहित चौधरी मौके पर पहुंचकर दंपति के ऊपर गिरी दीवार का मौका मुआयना करते हुए परिवार वालों से जरूरी जानकारी लेकर दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया है, जिसके बाद पुलिस ने संभ्रात लोगों के कहने पर जरूरी पंचनामा भरकर वापस लौट गई है, मृतक दंपति के परिवार में 4 बेटे और 4 बेटियां हैं।

जिनके सर से माता पिता का साया हमेशा के लिए उनके ऊपर से उठ चुका है, इस हादसे से पूरे गांव के लोग सदमे में हैं और परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।







# शहला कलीम ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मिल कर उन्हें भेंट की किताब

कांठ(शाह टाइम्स) उमरी कला निवासी कलीम अख्तर की पुत्री शहला कलीम ने दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से उनके निवास पर मुलाकात की और उन्हें अपनी लिखी पुस्तक बरगे सखन भेंट की। बताया गया कि उन्होंने किताब के विमोचन के बारे में भी केंद्रीय मंत्री से बात की अनुप्रिया पटेल ने शहला की काफी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शहला के बालिद कलीम अख्तर ने बताया कि शहला जेएनयू दिल्ली में पीएचडी कर रही है वह एक अच्छी शायरा है और बहुत जल्दी उन्होंने अपने शेरों सफर में कामयाबी हासिल की है उनकी शायरी में एहसासियत और हालात का रंग साफ नजर आता है। वह पुख्ता शायरी की पहचान बन चुकी है।



## एक नजर

### आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने उठाई पकड़वाने की मांग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बंदरों के साथ-साथ अब नगर के लोग आवारा कुत्तों से भी परेशान हो चुके हैं आज तहसील दिवस में पहुंचे नगर वासी ने प्रार्थना पत्र देकर इन्हें पकड़वाए जाने की मांग उठाई है। कांठ निवासी सिमरनदीप का कहना था कि मुहल्ला बिशनपुरा और फकीरगंज में आवारा कुत्तों की भरमार है फकीरगंज की गली में दर्जन भर से ज्यादा कुत्ते 24 घंटे घूमते रहते हैं जो आने जाने वालों को काटने के लिए दौड़ते हैं तथा कई लोगों को काट भी चुके हैं यह कुत्ते चलती बाइक के पीछे भागते हैं जिससे दुर्घटनाएं भी होती हैं नगर पंचायत द्वारा इस और कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर चार विद्यालय व दो चिकित्सकों के क्लीनिक है और यह मार्ग मुख्य बाजार को जाता है इसलिए इस पर ज्यादा लोगों का आना-जाना लगा रहता है उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।

### मारपीट में दो महिलाओं सहित चार पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मारपीट के मामले में दो महिलाओं सहित पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना क्षेत्र के गांव बेगमपुर निवासी कनीजा पत्नी शकील का आरोप था कि 17 अप्रैल को शाम 4:00 बजे फैजान व मोनिस पुत्रगण नसीर अहमद कौशर व मेसर पुत्री नसीर ने उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करनी शुरू कर दी जिससे उसके काफी चोट आई विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे लोगों को आता देख वह छोड़कर चले गए महिला थाने पहुंची और हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नाबालिग को भगा ले गया युवक मामला दर्ज

**कांठ।** नाबालिक लड़की को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी का कहना था कि 16 अप्रैल को रात्रि करीब 8:00 बजे उसकी नाबालिक बेटी को मोहल्ले का उवेद पुत्र राशिद बहला फुसलाकर भगा ले गया उसने काफी तलाश किया लेकिन पुत्री का पता न चलने पर वह थाने पहुंचा और युवक के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### एसएम कॉलेज में 'कल्किः संभल' फिल्म की शूटिंग जारी

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में इन दिनों 'कल्कि: संभल' फिल्म की शूटिंग पिछले पांच दिनों से लगातार चल रही है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी हैं, जो संभल में समय-समय पर हुए दंगों की घटनाओं पर आधारित फिल्म बना रहे हैं। फिल्म का निर्देशन भारत एस. श्रीनेत कर रहे हैं, जिनके निर्देशन में महाविद्यालय परिसर को शूटिंग स्थल बनाया गया है। फिल्म में स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। इसी क्रम में बॉलीवुड में किस्मत आजमा चुके कलाकार सलीम शेखचिल्ली ने डॉ. पहाडिया का किरदार निभाया, जिसमें उन्होंने अभिनेता गोविंद रामदेव के साथ अभिनय किया। सलीम शेख इससे पहले 'बेलगाम', 'गुमनाम बादशाह', 'पुणे जंगल' और 'दरिंगा' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। शूटिंग को लेकर कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल रेलवे लाइन लक्ष्मीपुर कट्टई गांव के पास ट्रेन के दरवाजे से गिरकर युवक की मौत हो गई, उसके साथी संतोष कुमार, चंदन सिंह निवासी सादिकपुर बगिचा, थाना मनीर, जिला पटना, बिहार ने बताया कि वह छः लोग थे, जोकि लुधियाना फेक्ट्री में टी शर्ट सिलने का काम करने गए थे, हम सभी लोग शुक्रवार को लुधियाना से ट्रेन सवार होकर अपने घर जा रहे थे, वह शनिवार सुबह के समय मुरादाबाद पहुंचे तो मृतक सनी (18) पुत्र ललित राय निवासी सादिकपुर बगिचा, थाना मनीर जिला पटना बिहार यह कहकर ट्रेन के दरवाजे पर गया था, की हवा लेकर वापस आ जाएगा जबकि साथी राजू, दीपक, धीरज संतोष कुमार, चंदन सिंह सभी साथी सीट पर जा कर बैठ गए थे, जब ट्रेन मुरादाबाद से रामपुर पहुंची तो दरवाजे पर जाकर देखा तो सनी दरवाजे पर नहीं था जब उसको फोन किया तो उसने नंबर नहीं उठाया इसी बीच फिर से फोन किया तो दोवारा में रेलवे पटरी पर घूमने वाले रेल कर्मी ने फोन उठाया और जानकारी दी, की तुम्हारा साथी रेलवे लाइन के साइड में मृत अवस्था में पड़ा है, तब हम सभी साथी मौके पर पहुंचे, तो देखा की वह मृत अवस्था में पड़ा है, जिसकी सूचना हमने उसके परिजनों को दी, जिसके बाद सूचना पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस के उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, कांस्टेबल मुकेश चन्द्र मीना और थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।



# तहसील दिवस में आई 61 शिकायत में सात का निस्तारण

**कांठ( शाह टाइम्स )।** जिला अधिकारी अनुज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 61 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई इनमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए एक सप्ताह का समय जिला अधिकारी ने दिया है। आज लगाए गए तहसील दिवस में ज्यादा शिकायतें बिजली और आपूर्ति विभाग की रही जिला अधिकारी ने कई बिजली संबंधी शिकायतो के प्रार्थना पत्र अपने मोबाइल में भी कैद किए और एसडीओ को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में अपने स्थान पर दूसरे कर्मचारियों को भेजे जाने की प्रवृत्ति पर नाराजगी जताई और उन्हें नोटिस भी भिजवाया।

इस दौरान लोगों ने अलग-अलग विभागों से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया जिनमें कुछ का निस्तारण मौके पर कर दिया गया और बाकी शिकायतो को डीएम ने गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम संतदास पवार एसएसपी सतपाल अंतिम सीओ, तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार आदि काफी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# टीएमयू स्प्लैश की सृजनात्मक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएस आईटी में भव्य एवम् रंगारंग सांस्कृतिक महोत्सव स्प्लैश-2026 में सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर, क्रिएटिविटि एंड टैलेंट थीम पर स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक, कलात्मक और सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। एकल नृत्य में अक्षरा वर्मा विजेता रहीं। युगल हिप-हॉप नृत्य में ऋषभ कश्यप और अंश सिंह विजेता रहे। गायन प्रतियोगिता में देवांश वशिष्ठ ने छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशारा प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। कहानी- वाचन में वृंदा अग्रवाल ने मां तुलसी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। वीडियोग्राफी में मोहम्मद फहद, भारतीय संस्कृति क्विज में महक, रंगोली में अनु चौहान, प्रतीक्षा सारस्वत और मिहिका गुप्ता और फोटोबूथ में फैजा खुर्रम विजेता रहीं। स्टॉल श्रेणियों में आर्यन चौहान के गोलगप्पे और पापड़ी चाट, विशाल के कामर्शियल बुक स्टॉल और तनिषा शर्मा ने क्रिएटिव हैंडमेड रेजिन उत्पाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, इवेंट कोऑर्डिनेटर्स- मिस स्वाति चौहान, डॉ. इंदु त्रिपाठी, मिस निकिता जैन, श्री मोहम्मद सलीम आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके सीसीएसआईटी के सभागार में स्प्लैश-2026 का शंखनाद किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत बीटेक-एआई की छात्रा अक्षरा वर्मा के मनमोहक कथक से हुई। अक्षरा की भाव-भंगिमाओं, ताल और लय के अद्भुत समन्वय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीटेक-सीएसई के छात्र मोहित जैन ने राधा-कृष्ण थीम पर बांसुरी वादन करके मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। फूड स्टॉल, कमर्शियल स्टॉल, क्रिएटिव लैब स्टॉल और गेमिंग स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कहानी-वाचन, स्टैंड-अप प्रस्तुति, रंगोली, वीडियोग्राफी और फोटोबूथ गतिविधियों में स्टुडेंट्स ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. प्रीति रानी, डॉ. सीमा मान और डॉ. संदीप वर्मा, स्टॉल मूल्यांकन में डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. अमित सिंह और डॉ. हिमांश कुमार आदि शामिल रहे।

एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्टुडेंट्स को अपनी प्रतिभा पहचानने, उसे निखारने, मंच पर प्रस्तुत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। डीजे सत्र पर संगीत और नृत्य के संग कार्यक्रम का समापन हुआ। स्प्लैश-2026 में डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नमित गुप्ता, मिस शिखा गंभीर, मिस अवंतिका चौधरी, मिस व्रतिका गुप्ता, श्री पुलकित राज सक्सेना के संग-संग स्टुडेंट्स कोऑर्डिनेटर्स- सिद्धार्थ पारिख, जिया सिंह, गौरी गुप्ता, नमन जैन, नमन दुग्गड़, अतिशय जैन, निशांत जैन, वृंदा अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन बीटेक-सीएस के अश्विन जैन और एमसीए की लीजा चौहान ने किया।






### दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में 'नारी शक्ति' पर रंगोली प्रतियोगिता व मानव श्रृंखला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'नारी वंदन अधिनियम कार्यक्रम' के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में संपन्न हुआ।दिवस के प्रथम सत्र में 'नारी शक्ति' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय की अन्य छात्राओं एवं प्रवक्ता बहनों को भी नारी सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. छाया रानी एवं डॉ. नेमिका शामिल रहीं।प्रतियोगिता के परिणामों में रुचि और पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रजनी एवं खुशी दयाल द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं सृष्टि और लकी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को सराहना के साथ प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने 'नारी शक्ति जिंदाबाद' जैसे नारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और अन्य छात्राओं को जागरूक किया।इस अवसर पर एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह एवं श्रीमती विदुषी यादव सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में सामाजिक जागरूकता और नारी सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया गया।



# ईंधनपुर नगला के प्राचीन महादेव मंदिर में 1.04 करोड़ से होगा विकास

**विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया भूमि पूजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी।** कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम ईंधनपुर नगला स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने लगभग 1 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण की मंजूरी दी थी। आज विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राचीन महादेव मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारम्भ हुआ।सीएम योगी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का हो रहा जीर्णोद्धार: विधायक कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य के प्राचीन शिव मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए व्यापक योजनाएं चला रहा है। इसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों का जीर्णोद्धार, आधुनिक सुविधाओं का विकास, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पर्यटन को प्रोत्साहन देना शामिल है। इसके लिए विभिन्न मंदिरों हेतु करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, ताकि उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जा सके और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले।उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में सबसे पहले कुंदरकी विधानसभा में शिव मंदिर ईंधनपुर नगला को उनके प्रस्ताव पर चयनित किया गया था। इसके अलावा कई अन्य मंदिर और धार्मिक स्थल भी सुंदरीकरण और विकास के लिए चयनित कराए गए हैं। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने और विश्राम के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण, स्वागत द्वार निर्माण एवं शौचालय ब्लॉक निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर एपीएम पर्यटन विभाग राजेंद्र, सहायक अभियंता सौरभ कुमार, मंदिर कमेटी अध्यक्ष भूरे सिंह, शिवलाल, धर्मेंद्र लाठर, वेदप्रकाश, संतराम, राजदीप सिंह, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, जिला मंत्री ज्योति बाल्मीकि, विजेंद्र चौधरी, रोहित पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक अपेक्षाओं के बीच अंतर कम करने की जरूरत: प्रो. अनिरुद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी और इंस्टिट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में भविष्य के फार्मास्युटिकल प्रोफेशनल्स में एम्प्लॉयबिलिटी उन्नयन और इन्नोवेशन पर गेस्ट लेक्चर में वीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, भोपाल के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड प्रो. अनिरुद्ध पारे ने फार्मास्युटिकल उद्योग में रोजगार कौशल, नवाचार एवम् उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश वीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, भोपाल के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड प्रो. अनिरुद्ध पारे ने फार्मास्युटिकल उद्योग में रोजगार कौशल, नवाचार एवम् उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक अपेक्षाओं के बीच अंतर को कम करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। प्रो. पारे ने एलओका- ए-अवेयरनेस, एल- लर्निंग, ओ- ऑब्जरवेशन, सी- कम्युनिकेशन और ए- एडैप्टेबिलिटी फ्रेमवर्क पर विस्तृत चर्चा रही। इसमें अवेयरनेस के तहत उद्योग की वर्तमान प्रवृत्तियों की समझ, लर्निंग के अंतर्गत सतत कौशल उन्नयन, ऑब्जर्वेशन के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान अर्जन, कम्युनिकेशन के जरिए प्रभावी संवाद और एडैप्टेबिलिटी के जरिए बदलते औद्योगिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालने पर बल दिया गया।

प्रो. पारे तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी और इंस्टिट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में भविष्य के फार्मास्युटिकल प्रोफेशनल्स में एम्प्लॉयबिलिटी उन्नयन और इन्नोवेशन को बढ़ावा देना पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लेक्चर का उद्देश्य फार्मेसी छात्रों में नवाचार आधारित सीखने और करियर तत्परता को बढ़ावा देना रहा। गेस्ट लेक्चर के दौरान फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल, उप प्राचार्य प्रो मयूर पोरवाल, रिसर्च कोऑर्डिनेटर प्रो. फूल चन्द्र, आईआईसी कोऑर्डिनेटर डॉ. आशीष सिंघई आदि के संग-संग फार्मेसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र परमवीर उर्फ पप्पू व पुत्रवधू श्रीमती आंचल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती बबीता पत्नी राजीव कुमार निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइंस तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपना धेवता मोहम्मद जुनेद पुत्र स्वर्गीय भूरा व उसकी पत्नी गुलअफशा को गलत संगत/गलत आचरण व हमारी बिना मर्जी के निकाह करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती शाबरी पत्नी सरफराज नि.डबल फाटक मोहल्ला दस सराय पोस्ट सीतापुरी थाना कटघर तह. व जिला मुरादाबाद।

# भाकियू ने उठाई किसानों की समस्याएं समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष चौ. राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए गए और जल्द समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, क्षेत्र में गेहूं खरीद केंद्रों को तत्काल चालू कराने और सुचारू रूप से तुलाई कराने की मांग की। आरोप लगाया गया कि कई केंद्रों पर अभी तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है, जिससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और बिचौलियों का बोलबाला है। इसके अलावा सुरजननगर और शरीफनगर क्षेत्रों में खरीद केंद्रों की अव्यवस्था पर भी नाराजगी जताई गई। किसानों ने आरोप लगाया कि तुलाई में अनियमितता हो रही है और अधिकारियों द्वारा बिचौलियों को प्राथमिकता दी जा रही है। भाकियू ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बेहद खराब बताते हुए सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों का कहना है कि नलकूपों को पर्याप्त समय तक बिजली नहीं मिल पा रही, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने सुबह 4 बजे से 10 बजे तक और शाम 4 बजे से 10 बजे तक नियमित बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने की मांग की। ज्ञापन में कुछ विद्युत कर्मियों पर अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई। साथ ही सड़कों की खराब हालत, जाम की समस्या और बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दे भी उठाए गए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान हरिशंकर सिंह, सुशील कुमार विश्नोई, सोमवीर सिंह, सुमित चौहान, राममोहन, उदयपाल सिंह, अनुज सिंह समेत कई किसान मौजूद रहे।

## आज मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर में आज खाकेश्वर मंदिर बड़ा बाजार पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बता दे की पंडित अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपचार में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया है । जिसमें 10.00 बजे हवन होगा तो वही 12.00 बजे भंडारा होगा। बता दे की शास्त्रों के अनुसार, भगवान परशुराम अष्टचिरंजीवी में से एक हैं, जो कलयुग के अंत तक जीवित रहेंगे. वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और वैशाख शुक्ल तृतीया ( अक्षय तृतीया ) को उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है. वर्ष 2026 में यह 19 अप्रैल को है. महेंद्र पर्वत पर निवास करने वाले परशुराम जी धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के प्रतीक हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें दर्ज, मौके पर एक का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तहसील परिसर सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के 32 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

हालांकि मौके पर केवल एक शिकायत का ही निस्तारण किया जा सका, जबकि अन्य मामलों को जांच के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। समाधान दिवस में सुंदरनगर भूतखेड़ा निवासी पूरन सिंह पुत्र शिवचरण ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के पास ग्राम समाज की नाली को कुछ किसानों द्वारा बंद कर उसे अपने खेत में मिला लिया गया है। इससे पानी की निकासी बाधित हो गई है और आसपास के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रशासन की मौजूदगी में नाली को चिन्हित कर खुदवाया गया था, लेकिन बाद में दोबारा उसे बंद कर दिया गया।

विरोध करने पर आरोपियों द्वारा अभद्रता करने और झगड़े की स्थिति पैदा करने का भी आरोप लगाया गया। पीड़ित के अनुसार संबंधित लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं और इस मामले में न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है, इसके बावजूद अवैध कब्जा हटाने को तैयार नहीं हैं।

शिकायतकर्ता ने एसडीएम से नाली को पुन: खुदवाकर जल निकासी बहाल कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान एसडीएम प्रीति सिंह, तहसीलदार धीरेश कुमार, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मण्डलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की व्यवस्थाओं को राज्य प्रभारी ने परखा

**मुरादाबाद।** पंचायत भवन में कल आयोजित होने वाले भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग परिवार की ओर से मण्डलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की व्यवस्थाओं और



तैयारियों परखने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आये राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री ने शाम पंचायत भवन में कार्यकर्ताओं से सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं में सम्मेलन की सफलता को लेकर उत्साह है। उन्होंने बताया कि आयोजन में योगगुरु स्वामी रामदेव जी लाईव रहकर कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे और पतंजलि योग पीठ से केंद्र प्रभारी राकेश आर्य का उद्बोधन होगा। इस अवसर पर दयाशंकर आर्य, विपिन आर्य, अनिल सिक्का जितेन्द्र आर्य, रमेश सिंह आर्य, धीरजसिंह उदयभान सिंह, अमित तोमर, प्रदीप कुमार, उमेश आर्य अर्चना गुप्ता, यशपाल आर्य विजय सिंह उदलसिह, जयपाल सिंह,खिलेंद्र सिंह प्रकाश वीर आर्य, कुलदीप सिंह, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**बिलारी।** तहसील सभागर में आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने जन समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर 42 शिकायतों में 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शनिवार को एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने जन समस्याएं सुनी। आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योड़ारा के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि विद्यालय के पेयजल सरकारी हैंडपंप को रिबौर कराने तथा खेलकूद के मैदान पर अनाधिकृत कब्जा मुक्त कराने की मांग की , ग्राम थावंला की ग्राम प्रधान सायरा ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उनके गांव के विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक-शिक्षिका नियुक्त किए जाए ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 20, पूर्ति विभाग से 9 , पुलिस विभाग से 5, विकास विभाग से 7, सिचाई विभाग से 1 शिकायत आयी। कुल 42 शिकायतों में 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया, कहा कि सभी अपना कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें और किसी भी तरह की कोताही सामने आई तो वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, बीडीओ नरेश पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी कुंदरकी, एसडीओ विद्युत, सप्लाई इंस्पेक्टर, नगर पालिका बिलारी की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, एबीएसए आदि सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### हरोरा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से हुआ नुकसान

बिलारी। क्षेत्र के गांव हरोरा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिसकी वजह से भारी नुकसान हुआ। इस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक काफी नुकसान हो गया। ग्रामीण ने करीब 5 बीघा गेहूं की फसल में नुकसान बताया है। हरोरा गांव निवासी राहुल पुत्र हीरालाल के पांच बीघा खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी।

जिसमें अचानक आग लग गई । आग की लपटें उठने लगी। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुटे, फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना दी, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। किसान राहुल ने बताया कि यह आग किसी ने रंजिशन लगाई है। इसको लेकर तहसील प्रशासन की टीम को भी सूचना दी गई।

### पालिका में होगा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद में 20 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ऐसी सभी महिला सफाई कर्मचारी बेहतर कार्य किया, सभी को सम्मानित कर सफाई के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ बढ़ा विरोध, जन संसद समिति ने सौंपे शिकायती पत्र

**बिलारी।** नगर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध ने अब संगठित रूप ले लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के तत्वाधान में चल रहे "जन संसद" अभियान के अंतर्गत शनिवार को समिति के सदस्यों ने बड़ा कदम उठाते हुए उपभोक्ताओं के एफिडेविट संलग्न प्रपत्रों के साथ विद्युत विभाग को सामूहिक शिकायतें सौंपीं। जन संसद समिति के सदस्य बिलारी मिल रोड स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को 'अस्वीकार्य' बताते हुए इन्हें हटाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत पत्र भी सौंपे। संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि यह कदम उनके चल रहे आंदोलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा तथा नगर के हजारों उपभोक्ता इसी प्रकार अपने-अपने शिकायती पत्र विभाग को सौंपेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन तब तक संघर्ष जारी रखेगा, जब तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह हटाए नहीं जाते। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है और यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो भविष्य में जनता सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी। वर्तमान में संबंधित शिकायतें विद्युत विभाग, बिलारी को सौंप दी गई हैं। इस मौके पर डॉ. राकेश रफीक, फैसल रजा, डॉ. जितेंद्र दक्ष, अनिल ठाकुर, मौ. नकी, प्रेम कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फ्लैग मार्च कर पुलिस ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा, शांति बनाए रखने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में शनिवार को क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। अधिकारियों ने यह भी चेता. वनी दी कि अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, बिजेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, सहित भारी पुलिस. बल मौजूद रहीं।



# पीएनबी का रिटेल आउटरीच प्रोग्राम आयोजित ग्राहकों को सौंपे 33 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से शनिवार को मिड टाउन मुरादाबाद के हॉल में रिटेल आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य कार्यालय से आए उप महाप्रबंधक दिनेश कुमार एवं मंडल प्रमुख इंदु खिमाणी ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर ग्राहकों को पीएनबी की विभिन्न रिटेल योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन, पर्सनल लोन और एमएसएमई से जुड़ी योजनाओं की ब्याज दरों, पात्रता और प्रोसेसिंग में दी जा रही विशेष रियायतों के बारे में बताया। अधिकारियों ने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही मंच पर सभी वित्तीय उत्पादों की जानकारी देकर त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है। 33 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित, 151 करोड़ की लीड जेनरेट। कार्यक्रम में मंडल प्रमुख इंदु खिमाणी, उपमंडल प्रमुख श्री देवराज सिंह पांगते और RAM Head सचिन जायसवाल ने उपस्थित ग्राहकों को कुल 33




करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। साथ ही कार्यक्रम के दौरान 151 करोड़ रुपये की नई लीड्स भी जेनरेट की गईं। मंडल प्रमुख इंदु खिमाणी ने बताया कि पीएनबी डिजिटल बैंकिंग और ग्राहक सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि रिटेल आउटरीच जैसे कार्यक्रमों से बैंक और ग्राहकों के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक तेजी से पहुंचता है। उप महाप्रबंधक दिनेश कुमार ने टीम मुरादाबाद के प्रयासों की सराहना की और कहा कि रिटेल सेगमेंट बैंक की ग्रोथ का प्रमुख आधार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी, नौकरीपेशा, युवा उद्यमी और गृहणियां शामिल हुईं। कई ग्राहकों ने मौके पर ही होम लोन और कार लोन के लिए आवे. दन किया। बैंक की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉल पर योजनाओं से जुड़े पंपलेट और वन-टू-वन काउंसलिंग की व्यवस्था की गई थी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत ऋणों का वितरण प्रक्रिया पूरी होते ही कर दिया जाएगा। साथ ही जेनरेट हुई 151 करोड़ की लीड्स पर शाखाओं द्वारा प्राथमिकता से काम किया जाएगा ताकि चालू तिमाही में लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।कार्यक्रम के अंत में उपमंडल प्रमुख देवराज सिंह पांगते ने सभी अतिथियों, ग्राहकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएनबी ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों का विश्वसनीय साथी बनकर मुरादाबाद के आर्थिक विकास में योगदान देता रहेगा।

# नारायणपुर छंगा प्रकरण पर कांग्रेस का ज्ञापन, न्यायिक जांच की उठाई मांग

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद हुए विवाद को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिला महामंत्री संजीव सिंघल के नेतृत्व में मंडल आयुक्त के नाम यह ज्ञापन उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा को दिया गया। ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के उत्पीड़न से बचने की अपील की गई है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से गांव में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके अलावा घटना में घायल लोगों का इलाज सरकारी खर्च पर कराने और क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से घटना की सच्चाई सामने आ सकती है, इसलिए उसकी गहन जांच कराई जाए। इस दौरान इकबाल, सादिक सिद्दीकी, मुकेश कुमार, अनुज चौधरी, अबार सैफी, राजपाल, राकेश चंद, कन्हैया लाल, शाकिर हुसैन, लियाकत, शरद, रियाज, मल्लू, फिरासत, हाजी मुस्तकीम, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र बंटी शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती गुड़िया देवी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **कृष्णा देवी पत्नी स्व. छत्रपाल निवासी ढक्का विष्णु नगर बन्नी कारखाने के पास लाईनपार मुरादाबाद हाल निवासी पेपटपुरा संतोषपुरी आश्रम तहसील व जिला मुरादाबाद।**



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# आइएफटीएम विश्वविद्यालय में 'शिक्षकों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आइएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शिक्षकों में साइबर सुरक्षा जागरूकता और डिजिटल नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''शिक्षकों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को डिजिटल युग की प्रशासनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने ईआरपी सिस्टम और सुरक्षित ऑनलाइन दस्तावेजीकरण में दक्षता हासिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संस्थागत डेटा सुलभ और सुरक्षित बना रहे। इस सत्र के रिसोर्स पर्सन व विश्वविद्यालय के आईटी सेवाओं के निदेशक डॉ. दीपांकर भारद्वाज ने तकनीकी अनुकूलन के



संबंध में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने समझाया कि मजबूत डिजिटल कौशल विकास और बुनियादी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर नई तकनीकों से जुड़ना स्वाभाविक झिझक को दूर करता है, जिससे कर्मचारी आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ उनका उपयोग कर पाते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने डिजिटल परिवर्तन के व्यावहारिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहाँ पारंपरिक कार्यालयी कागजी कामकाज में काफी समय और संसाधन खर्च होते हैं, वहीं सुरक्षित डिजिटल नेतृत्व को अपनाने से प्रशासनिक कार्यों को तेजी और कुशलता से पूरा करना संभव हो जाता है। कार्यशाला के सफल आयोजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. यादव, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना के अलावा डॉ. हिमांशु गुप्ता, संयोजिका डॉ. आरती गर्ग, श्री अक्षय शर्मा, डॉ. अर्चना, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव, डॉ. चारू दत्ता आदि शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक व प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत शिक्षिकाओं ने निकाली स्कूटी रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रा0से0यो0) इकाई द्वारा शुक्रवार को "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के अंतर्गत चलाए जा रहे प्रचार अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रा0से0यो0 इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने भव्य स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. दीक्षा चौधरी, डॉ. मंजीता गहलोत समेत विश्वविद्यालय की 40 शिक्षिकाओं, महिला कर्मचारियों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. सारिका अरोरा, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. तृप्ति पाण्डेय सहित कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। सेमिनार में 60 से अधिक शिक्षिकाओं और छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने एकजुट होकर महिला सम्मान, समानता एवं सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।एनएसएस समन्वयक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम लागू होने से राजनीति में महिलाओं की संख्या बढ़ने के साथ ही फैसला लेने में उनकी भागीदारी मजबूत होगी और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने छात्राओं को नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने और सामुदायिक सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि प्रचार अभियान 10 अप्रैल से शुरू हुआ था, जो 20 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति दीवार पर महिलाओं द्वारा स्लोगन भी लिखे गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार के अलावा डॉ. सुकीर्ति उपाध्याय, सुश्री अनुकृति मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार, श्री दीपक शर्मा, डॉ. अमनप्रीत कौर, डॉ. प्रज्ञा पाली, श्रीमती रुचि चौधरी आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

